आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पालमपुर की सीवरेज व्यवस्था पर करीब 2 सौ करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। इससे क्षेत्र की सीवरेज समस्या का समाधान सुनिश्चित होगा। मुकेश अग्निहोत्री पालमपुर में जलशक्ति विभाग की योजनाओं के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि पालमपुर में जलशक्ति विभाग के करीब पौने 3 सौ करोड़ रूपये के कार्य प्रगति पर है। अग्निहोत्री ने कहा कि पालमपुर में हैलीपैड का निर्माण सरकार की प्राथमिकताओं में है और इसके लिए 15 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 के माध्यम से जनजातीय लोगों को लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। रिकांगपिओ में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को लाने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय ज़िला किन्नौर के निर्धन व भूमिहीन लोगों को ज़मीन उपलब्ध करवाना है। जगत सिंह नेगी ने ज़िला स्तरीय गुणात्मक शिक्षा व नशा निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए समय–समय पर खेल गतिविधियां आयोजित करने पर बल दिया।

बंबर ठाकुर

बिलासपुर में कल हुए गोलीकांड में घायल पूर्व विधायक बंबर ठाकुर को चिकित्सकों ने खतरे से बाहर बताया है। उनका आई.जी.एम.सी. शिमला में उपचार चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने इस घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से तुरंत हमलावरों को गिरफ्तार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपराधिक मामलों को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। वहीं इस घटना के विरोध में भाजपा ने आज बिलासपुर में एक रैली निकाली। इस दौरान विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर घटना का संज्ञान लेने की मांग की गई है। इधर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कांग्रेस सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है।

आयुष मंत्री

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि राज्य सरकार पंचायतीराज संस्थाओं को स्वावलंबी और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है। कांगड़ा ज़िले में जयसिंहपुर क्षेत्र के मैला में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं का कम्पयूटरीकरण कर इनमें आवश्यक कर्मचारियों की

उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जा रही है। उन्होंने क्षेत्र में सामुदायिक भवन सहित जयसिंहपुर में सुगम केंद्र का लोकार्पण भी किया। यादविंदर गोमा ने कहा कि सुगम केंद्र खुलने से स्थानीय लोगों को एक ही स्थान पर कई दस्तावेज बनाने की सुविधा मिलेगी।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम ने करवट ली है। इसके चलते राज्य की ऊंची चोटियों पर हिमपात जबकि अन्य स्थानों पर हल्की वर्षा का क्रम रूक–रूक जारी है। बीती रात कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन के तापमान में एक बार फिर कमी दर्ज की गई है जबकि ऊपरी क्षेत्रों में अभी भी सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। कुल्लू से हमारे संवाददता के अनुसार ताज़ा बर्फबारी से किसानों–बागवानों सहित पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं। उधर जनजातीय ज़िला किन्नौर में भी बीती रात से बर्फबारी व वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। ऐसे में ज़िले में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अधिक जानकारी के साथ हमारी किन्नौर संवाददाता......

राजधानी शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में भी पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना जताई है।

....